**Uma Shankar Singh, I.A.S.**
**Secretary-In-Charge**
**उमा शंकर सिंह, भा. प्र. से.**
**प्रभारी सचिव**

**School Education & Literacy Department**
**Government of Jharkhand**
**स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग**
**झारखण्ड सरकार**

पत्रांक : 101/ दृ. को.

दिनांक : 18/07/2024

सेवा में,

राज्य परियोजना निदेशक, झा.शि.प.प.।
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा।
सचिव, झारखण्ड अधिविद्य परिषद्
झारखण्ड, राँची।

विषयः **आदर्श विद्यालय योजना अन्तर्गत 80 उत्कृष्ट विद्यालयों एवं 325 प्रखण्ड स्तरीय आदर्श विद्यालयों में आवश्यकता आधारित रिक्त पदों पर शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति/पदस्थापन के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में अंकित करना है कि विभागीय संकल्प संख्या 697 दिनांक 15.03.2022 के आलोक में SoE एवं प्रखण्ड स्तरीय आदर्श विद्यालयों में शिक्षकों की कमी को दूर करने हेतु राज्य अन्तर्गत सरकारी विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों जिन्हें सी.बी.एस.ई/आई.सी.एस.ई. बोर्ड से सम्बद्धता प्राप्त विद्यालयों में अध्यापन का अनुभव हो/जिन्होंने ने अपनी शिक्षा सी.बी.एस.ई/आई.सी.एस.ई. बोर्ड से पूर्ण की हो अथवा उत्कृष्ट अकादमिक पृष्ठभूमि के हों तथा अँग्रेजी माध्यम से अध्यापन की दक्षता हो, से e-vv के माध्यम से आवेदन की मांग की गई थी, जिसके आलोक में इन विद्यालयों में पदस्थापन/प्रतिनियुक्ति हेतु कुल 3900 शिक्षकों के द्वारा आवेदन समर्पित किए गए हैं।

1. सभी 3900 शिक्षकों का उन्मुखीकरण दिनांक 25.07.2024 से 29.07.2024 तक झारखण्ड अधिविद्य परिषद् में निम्न कार्यक्रम के अनुसार किया जाएगाः–

| क्र. सं. | तिथि | प्रथम पाली (10:30 पूर्वा0 – 01:30 अप0) | | द्वितीय पाली (02:30 अप0 – 05:30 अप0) | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | पंजीयन की अवधि | प्रतिभागियों की संख्या | पंजीयन की अवधि | प्रतिभागियों की संख्या |
| 1 | 25.07.2024 | 09:00 – 10:00 पूर्वा0 | 400 | 12:00 – 01:00 अप0 | 400 |
| 2 | 26.07.2024 | 09:00 – 10:00 पूर्वा0 | 400 | 12:00 – 01:00 अप0 | 400 |
| 3 | 27.07.2024 | 09:00 – 10:00 पूर्वा0 | 400 | 12:00 – 01:00 अप0 | 400 |
| 4 | 28.07.2024 | 09:00 – 10:00 पूर्वा0 | 400 | 12:00 – 01:00 अप0 | 400 |
| 5 | 29.07.2024 | 09:00 – 10:00 पूर्वा0 | 400 | 12:00 – 01:00 अप0 | 300 |
| कुल प्रतिभागी | | | 2000 | | 1900 |

Ground Floor, MDI Building, Dhurwa, Ranchi, Jharkhand - 834004
Email - edu.jharkhand@gov.in, hrdjharkhand@gmail.com
Ph. - 0651-2400797 (O)

**निदेशक, माध्यमिक शिक्षा उक्त निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आवेदन करने वाले शिक्षकों के उन्मुखीकरण हेतु तिथिवार बैच का निर्धारण करते हुए संबंधित शिक्षकों को जिला शिक्षा पदाधिकारी के माध्यम से उन्मुखीकरण में भाग लेने हेतु निदेशित करेंगे।**

2. शिक्षकों के उन्मुखीकरण हेतु पंजीयन हेतु काउंटर का निर्माण उन्मुखीकरण स्थल के बाहर प्रतिभागी शिक्षकों के संख्या के अनुरूप बनाए जायेंगे। पंजीयन कार्य को सफलतापूर्वक सुनिश्चित करने हेतु प्रभारी पदाधिकारी श्री बादल राज, अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी होंगे। पंजीयन हेतु श्रीमती ममता लकड़ा, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद् एवं श्रीमती अरूणा केरकेट्टा, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी, जे.ई.पी.सी. पंजीयन कार्य की सुचारू व्यवस्था हेतु प्रतिनियुक्त रहेंगी। पंजीयन हेतु न्यूनतम 08 काउंटर का निर्माण कर इस कार्य हेतु 10 शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति पंजीयन कार्य हेतु झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद् द्वारा की जाएगी। पंजीयन के लिये सभी प्रकार के Logistic की व्यवस्था सचिव, झारखण्ड अधिविद्य परिषद् द्वारा की जायेगी।
3. उन्मुखीकरण हेतु निर्धारित स्थान पर प्रतिभागी शिक्षकों की व्यवस्थित बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु श्री प्रमोद कुमार सिन्हा, विशेषज्ञ एम.आर.ई, जे.ई.पी.सी. एवं श्री सचिन कुमार, राज्य एम.आई.एस. समन्वयक, जे.ई.पी.सी. प्रभारी पदाधिकारी होंगे। इस कार्य में आवश्यक सहयोग प्रदान करने हेतु अन्य पदाधिकारी/कर्मियों की प्रतिनियुक्ति राज्य परियोजना निदेशक, झा.शि.प.प. के द्वारा आवश्यकता अनुसार की जाएगी।
4. प्रतिभागी शिक्षकों के आवश्यकता आधारित मूल्यांकन हेतु प्रश्न पत्र का निर्माण झारखण्ड अधिविद्य परिषद् के द्वारा किया जायेगा। प्रश्नपत्र की रूपरेखा एवं अन्य तकनीकी मार्गदर्शन हेतु डॉ0 अभिनव कुमार, गुणवत्त शिक्षा, जे.ई.पी.सी. तथा श्री प्रमोद कुमार सिन्हा, विशेषज्ञ एम. आर.ई, जे.ई.पी.सी. के द्वारा आवश्यक सहयोग झारखण्ड अधिविद्य परिषद् को प्रदान किया जायेगा। आवश्यकता आधारित मूल्यांकन Online आधारित J-Guru Ji App के माध्यम से किया जायेगा एवं मूल्यांकन के सुचारू रूप से संचालन के लिये झारखण्ड अधिविद्य परिषद् के द्वारा सभागार में आवश्यक Logistic arrangements जैसेः— High Speed Internet की व्यवस्था आदि को सुनिश्चित किया जायेगा। श्री सचिन कुमार, राज्य एम.आई.एस. समन्वयक, जे.ई.पी.सी. Orientation सत्र शुरू होने के एक दिन पहले यह सुनिश्चित हो लेंगे कि Online मूल्यांकन हेतु सभी प्रकार की आवश्यक तैयारियाँ/Rehearsal कर लिया गया है। Online मूल्यांकन के

सुचारू रूप से संचालन के लिये अन्य कर्मियों/पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति राज्य परियोजना निदेशक, झा.शि.प.प. के द्वारा आवश्यकतानुसार की जायेगी।

5. आवश्यकता आधारित मूल्यांकन मुख्यतया– Pedagogy, Subject Knowledge, Reasoning/Aptitude, Leadership skills, Disposition, Betterment of School environment पर आधारित होंगी।

6. उन्मुखीकरण हेतु सामग्री (Content) का चयन तथा प्रस्तुतिकरण को सुनिश्चित करने हेतु श्री प्रमोद कुमार सिन्हा, विशेषज्ञ एम.आर.ई., जे.ई.पी.सी., श्री बादल राज, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी, सिमडेगा (प्रतिनियुक्त जे.ई.पी.सी.) एवं प्रशासी पदाधिकारी, जे.ई.पी.सी. द्वारा जे. सी.ई.आर.टी. के योग्य एवं अनुभवी SRG की मदद से तैयार कराया जाएगा।

7. झारखण्ड अधिविद्य परिषद् में उन्मुखीकरण हेतु सभी प्रकार के Logistic की व्यवस्था सचिव, झारखण्ड अधिविद्य परिषद् के द्वारा सुनिश्चित की जाएगी। प्रतिभागियों के लिए चाय, अल्पाहार एवं भोजन की व्यवस्था झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद् के द्वारा किया जाएगा।

विश्वासभाजन,

ह0/–

**(उमा शंकर सिंह)**

सरकार के प्रभारी सचिव।

**ज्ञापांकः** 101/शि. प्रा.2 **रांची/दिनांक** 18-7-2024

**प्रतिलिपिः**

1. अध्यक्ष, झारखण्ड अधिविद्य परिषद्/निदेशक, प्राथमिक शिक्षा/ निदेशक, जे.सी.ई.आर.टी. को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
2. प्रशासी पदाधिकारी, जे.ई.पी.सी./उप–निदेशक (अकादमिक), जे.सी.ई.आर.टी./सचिव, झारखण्ड अधिविद्य परिषद् को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
3. सभी संबंधित पदाधिकारी/कर्मियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

18/07/24

सरकार के प्रभारी सचिव।